राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गोविन्ददेव जी मंदिर के महंत ने राज्यपाल को तीर्थों का मिश्रित जल भेंट कर की वितरण की शुरुआत

राज्यपाल को पावन तीर्थों का मिश्रित जल भेंट

जयपुर, 12 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को मंगलवार को राजभवन में गोविन्ददेव जी मंदिर के महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी ने मकर सक्रांति हेतु देश के पावन तीर्थों का मिश्रित जल भेंट किया।

महंत श्री गोस्वामी ने बताया कि तीर्थ स्थानों में अत्यधिक भीड़ व कोरोना काल के कारण श्री राधा गोविंद की कृपा से गोविंद सागर, त्रिवेणी संगम, हरिद्वार, नासिक, पुष्कर आदि तीर्थो का मिश्रित जल मंदिर में सामान्य जन को 13 जनवरी को दोपहर 11 बजे से वितरित किया जाएगा। इसकी शुरुआत राज्यपाल श्री मिश्र को जल भेंट कर की गई है।

———

राज्यपाल से श्री राममंदिर निधि समर्पण समिति के सदस्यों ने की मुलाकात

रामजन्म भूमि मंदिर न्यास को राज्यपाल ने आर्थिक सहयोग कर राजस्थान से सहयोग की शुरुआत की

जयपुर, 12 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामजन्म भूमि न्यास के लिए मंगलवार को आर्थिक सहयोग प्रदान कर राजस्थान से इसकी शुरुआत की।

मंगलवार को श्री मिश्र से विश्व हिंदू परिषद के श्री दिनेशजी के नेतृत्व में श्री राममंदिर निधि समर्पण समिति के सदस्य और विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री श्री सुरेश उपाध्याय, श्री रमेश अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री श्री बजरंग लाल बागड़ा आदि ने भेंट की थी। राज्यपाल को इन्होंने राम मंदिर निर्माण योजना की पुस्तिका, मंदिर निर्माण सम्बंधित प्रकाशन भी भेंट किए।

———

लोहड़ी पर्व पर राज्यपाल की शुभकामना

जयपुर, 12 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लोहड़ी पर्व (13 जनवरी) पर सभी को शुभकामना दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कामना की है कि यह त्योहार सभी के जीवन में नव उत्साह—उमंग के साथ—साथ उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लाए।

———